20- <u>जन्म दिवस के अवसर पर आरक्षी ने किया रक्तदान एवं अनाथ बच्चों को फल-मिष्ठान वितरित किया</u>

पुलिस की नाकारात्मक छवि के बीच 'उम्मीद रोशनी की' सिपाही जितेन्द्र सिंह यादव

जन्मदिवस पर मदर टैरेसा आश्रम में काटा केक, किया रक्तदान

(आज समाचार सेवा)

झांसी, 6 अक्टूबर। पुलिस की नाकारात्मक छवि के बीच झांसी के डीआईजी ऑफिस में तैनात एक ऐसा सिपाही है जो गरीब असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहता है। यह सिपाही और कोई नहीं बल्कि पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय में तैनात डकोर जालौन निवासी जितेन्द्र सिंह यादव पुत्र देव सिंह यादव है। 2006 बैच में सिपाही के पद पर भर्ती हुए जितेन्द्र सिंह यादव समाजसेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। घर में उत्तर प्रदेश पुलिस के एचसीपी पद से सेवानिवृत्त पिता देव सिंह यादव, मां श्रीमती कुसुमा देवी के साथ अन्य भरा पूरा परिवार है। सिपाही जितेन्द सिंह यादव अपना हर त्यौहार गरीब व असहाय लोगों के साथ मनाते है। 5 अक्टूबर को अपने जन्मदिन के अवसर पर सिपाही जितेन्द सिंह यादव ने सारा दिन परोपकार के कार्यों में बिताया। सुबह उठते ही उन्होंने सबसे पहले अपने माता पिता से आर्शीवाद लिया। इसके बाद वह सीधे अस्पताल पहुंचे, वहां पहुंचकर सिपाही ने रक्तदान किया, इसके उपरान्त सिपाही अपने मित्रों के साथ मदर टैरेसा आश्रम पहुंचा, वहां पहुंचकर सिपाही ने अनाथ बच्चों के साथ केट काटा और अपना जन्मदिन मनाया, इस दौरान सिपाही ने अनाथ बच्चों व बड़ों को मिष्ठान व फल वितरित किये। अनाथ आश्रम में जन्मदिन कार्यक्रम देख वहां मौजूद अनाथ लोगों के चेहरे पर खुशी आ गई। इसके उपरान्त सिपाही अपने मित्रों के साथ झोपड़पट्टी पहुंचे, जहां उन्होंने गरीबों को अनाज, फल, खाने पीने का सामान वितरित किया। ऐसा नहीं है कि सिपाही ने परोपकार के कार्य सिर्फ जन्मदिवस के अवसर पर किया हो, बल्कि वह समाज सेवी संस्था 'उम्मीद रोशनी की' के माध्यम से असहाय व गरीबों की मदद करते रहते है। सिपाही के मित्रों का एक ग्रुप है, जो हमेशा ही रक्तदान करने के लिए आगे रहता है, स्वयं सिपाही भी कई बार लोगों को रक्तदान कर चुका है, रक्तदान के इस कार्य में उन्होंने अपने भाई पुष्पेन्द्र यादव को भी आगे किया है। वह ड्यूटी को मुस्तैदी के साथ करते ही है, साथ ही लोगों की मदद के लिए भी तत्पर रहते है। इतना ही नहीं उनकी ईश्वर में भी अटूट श्रद्धा है, वह अपने गुरू हरीओम के मार्गदर्शन में समय निकालकर मन्दिरों में भजन भी गाते है।

फल वितरित करते हुए व रक्तदान करत हुए सिपाही जितेन्द्र सिंह यादव व अन्य। छाया-आज

जनपद झांसी, 05 अक्टूबर 2016, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी के कार्यालय में तैनात आरक्षी जितेन्द्र सिंह यादव अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त समाज सेवा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता है। अपने जन्म दिवस के अवसर पर अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया। इसके उपरान्त मदर टेरेसा आश्रम पहुँचकर अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर मिठाई व फल वितरित किये।